सेमीकंडक्टर उद्योग का कुंभ आज से

आयोजन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने का काम तेज कर दिया है। उत्तर प्रदेश 11 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया-2024 की मेजबानी करने जा रहा है। सेमीकॉन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिका इंडिया -2024 व प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया-2024 का भी आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सेमीकॉन इंडिया-2024 का उद्घाटन समारोह पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में होगा। वर्क फोर्स पवेलियन का उद्घाटन भी उनके द्वारा किया जाएगा।

सेमिकॉन इंडिया-2024 में 17 देशों के 255 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सेमीकॉन इंडिया 2024 के तहत 11 से 13 सितंबर तक तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चर्स अपने स्टॉल्स लगाएंगे। भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर एक प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। दूसरे दिन क्रॉस रीजनल पार्टनरशिप, फ्लेक्सिबल हाईब्रिड इलेक्ट्रॉनिक्स, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, माइटी इंडस्ट्री एकेडमिया वर्कशॉप्स और सस्टेनेबिलिटी सेशन आयोजित होंगे।

यूपी सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण के लिए मुफीद

- प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की गई है।
- यूपी सेमीकंडस्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान
- पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकॉन्डस्टर, सिलिकॉन फोटोनिक्स, सेंसर, एटीएमपी, ओएसएटी के लिए 75% की लैंड रिबेट भी
- वहीं ड्यूअल ग्रिड नेववर्क के साथ ही 10 वर्षों के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत की छूट
- 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क 50 प्रतिशत की छूट, स्टांप ड्यूटी में छूट